रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33004/95 REGD. NO. D.L.—33004/95

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 44] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 27, 1995/आश्विन 5, 1917
No. 44] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 27, 1995/ASVINA 5, 1917

दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अधीन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 1995

फा. सं. 101/23/लेखा.—31 मार्च, 1995 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की परिषद् की पन्द्रहवीं वार्षिक रिपोर्ट ।

1. प्रस्तावना

1.1 कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18 की उपधारा (5) के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज की परिषद् की 31 मार्च, 1995 की 15वीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों का परीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखापरीक्षक रिपोर्ट प्रकाशित करती है।

1.2 इंस्टीट्यूट के इतिहास में पिछला वर्ष महत्वपूर्ण रहा । इंस्टीट्यूट ने सचिव व्यवसाय के बारे में विशेष रूप से विद्यार्थियों में तथा सामान्य रूप से आम लोगों में और अधिक जागरूकता पैदा करने के लिये समन्वित और संगठित प्रयास किये, जिसके अत्यंत उत्साहवर्धक परिणाम निकले हैं। 1994-95 के दौरान विद्यार्थियों के पंजीकरण में 1993-94 की तुलना में 50.78% की वृद्धि हुई। इंस्टीट्यूट के इतिहास में विद्यार्थियों के पंजीकरण में इतनी अधिक वृद्धि पहले कभी नहीं हुई थी। इंस्टीट्यूट की वित्तीय स्थिति सो बढ़ती हुई दिखाई पड़ती है । 31 मार्च, 1995 को रिजर्व की कुल राशि 692.43 लाख रुपये हो गई जबकि 31 मार्च, 1994 को यह 462.18 लाख रुपये थी ।

1.3 31 मार्च, 1995 को समाप्त वर्ष में इंस्टीट्यूट की कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों को रूपरेखा अगले पैराग्राफों में दी गई है ।

2. नई घटनायें

2.1 22वां राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन

11 अगस्त से 13 अगस्त, 1994 तक गोवा में 22वां राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन का आयोजन किया गया । भागीदारी और विचार-विमर्श दोनों दृष्टियों से यह सम्मेलन अत्यंत सफल रहा । सम्मेलन में लगभग 550 प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

2.2 आई सी एस ए के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य अधिशासी का इंस्टीट्यूट में आगमन ।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड सेक्रेटरी तथा एडमिनिस्ट्रेटर्स, लंदन के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्टीफन बिस्टो तथा उसके अन्तर्राष्ट्रीय

मुख्य अधिकारी एफ जे आइंसवर्थ ने 3 फरवरी, 1995 को इंस्टीट्यूट के मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष, परिषद् सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपसी सहयोग और विचार विमर्श के बारे में विस्तृत चर्चा की। हमारे सदस्यों और विद्यार्थियों को आई सी एम ए द्वारा मान्यता प्रदान कराने के दृष्टिकोण से उनके बीच बातचीत जारी है। ऐसी मान्यता प्राप्त होने पर हमारे सदस्यों और विद्यार्थियों के लिये प्रगति के और अधिक रास्ते और अवसर खुल जायेंगे।

2.3 पूंजी बाजार और वित्तीय सेवाओं में पञ्च-सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम

केन्द्र सरकार ने पूंजी बाजार और वित्तीय सेवाओं के संबंध में पञ्च-सदस्यता अर्हता कार्यक्रम शुरू करने के लिये इंस्टीट्यूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिये विनियमों की अधिसूचना भारत के राजपत्र—असाधारण भाग—3, खंड 4 दिनांक 21 फरवरी, 1995 में प्रकाशित हो चुकी है। इस पाठ्यक्रम को नवंबर, 1995 से आरंभ किये जाने की संभावना है।

2.4 सी सी आर टी भवन परियोजना

महत्वपूर्ण सी सी आर टी परियोजना के लिये भूमि का विकास पहले ही किया जा चुका है और 16 अप्रैल, 1995 को आई सी एम आई के अध्यक्ष ने भूमि पूजन का अनुष्ठान संपन्न किया। भवन निर्माण का पहला चरण 30 जून, 1996 तक पूरा हो जाने की संभावना है, जिसके लिए पहले ही ठेका दिया जा चुका है।

3. परिषद्

3.1 कंपनी सचिव विनियमावली, 1992 के प्रावधानों के अनुसार परिषद् के चुनाव दिसंबर 1994 में संपन्न हुये। चुनाव परिणामों की सूचना 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' के जनवरी, 1995 के अंक में प्रकाशित की गई।

3.2 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

नव निर्वाचित परिषद् की प्रथम बैठक 1 जनवरी, 1995 को हुई जिसमें 1 जनवरी, 1995 से एक वर्ष के लिये श्री य. के. चौधरी को अध्यक्ष और डा. के. आर. चन्द्राबे को उपाध्यक्ष चुना गया। परिषद् ने वर्ष 1994 की इंस्टीट्यूट की विगत परिषद् द्वारा की गई मूल्यवान सेवाओं के लिये उसकी सराहना की।

3.3 बैठकें

समिति की विभिन्न बैठकों के अलावा परिषद् ने 1994-95 के दौरान 7 बैठकें आयोजित की गई।

3.4 समितियां आदि

परिषद् द्वारा गठित विभिन्न समितियों, विशेषज्ञ ग्रुपों और परामर्शी बोर्डों का विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

3. क्षेत्रीय परिषदें और शाखायें

4.1 चारों क्षेत्रीय परिषदों का कार्यकाल 31 दिसंबर, 1994 को पूरा हो जाने पर 1 जनवरी, 1995 से अगले तीन वर्ष के लिये इनका पुनर्गठन किया गया। कंपनी सचिव विनियमावली, 1981 के प्रावधानों के अनुसार क्षेत्रीय परिषदों के चुनाव दिसंबर, 1994 में कराये गये। इनके चुनाव परिणामों की सूचना 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' के जनवरी 1995 के अंक में प्रकाशित की गई। नव निर्वाचित क्षेत्रीय परिषदों ने 1 जनवरी, 1995 से कार्यभार संभाल लिया।

4.2 चारों क्षेत्रीय परिषदों ने जोर-शोर और बड़े उत्साह से अपनी गतिविधियों और कार्यों को संपन्न करने हुये परिषद् को अपना समर्थन और सहायता प्रदान की। क्षेत्रीय परिषदों ने कैरियर मेले, फोन पर कार्यक्रम, विचार गोष्ठियां और कार्यशालायें, सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एम एम टी पी) मौखिक शिक्षण कक्षायें, विद्यार्थियों को मार्ग दर्शन करने के लिये बैठकें, स्टडी सर्किल की बैठकें तथा क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया। उन्होंने बड़े पैमाने पर पुस्तकालयों को अद्यतन करने, न्यूज बुलेटिन प्रकाशित करने, आंकड़े रख कर सदस्यों को रोजगार सेवा उपलब्ध कराने, सदस्यों/विद्यार्थियों को सूचना प्रदान करने, इंस्टीट्यूट के प्रकाशनों की बिक्री करने जैसी अनेक गतिविधियां भी संपन्न की। 31 मार्च, 1995 को प्रत्येक परिषद् के रिजर्व और अधिशेष की स्थिति तथा प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद् में सदस्यों तथा विद्यार्थियों की संख्या का विवरण नीचे दिया जा रहा है।

मद	पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद्	उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद्	दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद्	पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद्
1	2	3	4	5
(क) वित्तीय स्थिति :				
(i) अधिशेष 1994-95 (रु.)	1,61,168	4,84,923	1,29,086	82,817
(ii) (31 मार्च 1995 को) रिजर्व	11,51,287	35,05,937	13,44,762	5,75,572
(ख) नियत पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की संख्या				
31 मार्च, 1995 को	14,373	24,378	22,155	18,402
31 मार्च, 1994 को	12,640	18,150	18,990	15,530
1994-95 के दौरान % वृद्धि	13.7%	34.3%	16.7%	18.5%

1	2	3	4	5
(ग) फाउंडेशन पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की संख्या				
31 मार्च 1995 को	4,311	11,074	4,398	4,102
31 मार्च 1994 को	1,417	3,556	1,425	1,072
1994-95 के दौरान % वृद्धि (वार्षिक आधार पर)	77.5%	81.7%	80.0%	123.2%
(घ) सदस्यों की संख्या				
31 मार्च 1995 को	1,368	2,559	2,589	3,490
31 मार्च 1994 को	1,290	2,359	2,397	3,282
1994-95 के दौरान % वृद्धि	6.0%	8.8%	8.0%	6.3%

4.3 शाखायें

1994-95 के दौरान 36 शाखाओं की प्रबंध समितियों का पुनर्गठन किया गया और कंपनी सचिव विनियमावली, 1982 तथा सचिव शाखाओं की मार्ग निर्देशिका 1983 के प्रावधानों के अनुसार 1995-97 की कार्यावधि के लिये प्रबंध समिति के चुनाव कराये गये। इस वर्ष के दौरान शाखाओं में विद्यार्थियों को शिक्षण और प्रशिक्षण देने तथा सदस्यों के लिये व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित करने की अनेक गतिविधियां संपन्न की गईं। इस वर्ष क्षेत्रीय परिषदों और शाखा स्तर तक गतिविधियों के विकेन्द्रीकरण के प्रमुख उद्देश्य को सामने रख कर क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं को भवन अनुदान और वार्षिक अनुदान देने संबंधी मार्गनिर्देशों को और अधिक उदार बनाया गया। इस उदार अनुदान का लाभ उठा कर इस वर्ष वडोदरा शाखा ने अपना भवन ले लिया है। आज तक जिन शाखाओं के अपने कार्यस्थल हैं उनके नाम इस प्रकार हैं:—

गाजियाबाद, जयपुर, कानपुर, बंगलौर, हैदराबाद, अहमदाबाद, भोपाल, डोमबीवलि, गोवा, पुणे और वडोदरा।

4.4 सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार

1993 के सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार गोवा में आयोजित 22वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में निम्नलिखित शाखाओं को दिये गये :

(क) सर्वोत्तम राष्ट्रीय शाखा और आर.बी.जी. एम मोदी सर्वोत्तम शाखा—कानपुर

(ख) सर्वोत्तम क्षेत्रीय शाखायें :

पूर्व—पटना

उत्तर—कानपुर

दक्षिण—बंगलौर

पश्चिम—पुणे

5. सदस्य

5.1 सदस्यों और प्रैक्टिस प्रमाणपत्र धारियों की संख्या में वृद्धि

पिछले 5 वर्षों में सदस्यों और प्रैक्टिस प्रमाणपत्र धारियों की संख्या में वृद्धि

	31 मार्च 91	31 मार्च 92	31 मार्च 93	31 मार्च 94	31 मार्च 95
एसोसिएट	6095	6364	6789	7119	7598
फैलो	1728	1943	2059	2209	2408
प्रैक्टिस प्रमाणपत्रधारी	1188	1102	609	699	735

1994-95 के दौरान 752 एसोसिएट सदस्य तथा 226 फैलो सदस्यों को प्रविष्ट किया गया । 31 मार्च 1995 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 10006 सदस्य दर्ज थे, जिसमें से 7598 एसोसिएट और 2408 फैलो सदस्य थे । 31 मार्च 1995 को विदेशों में रहने वाले सदस्यों की संख्या 196 थी। इस वर्ष के दौरान परिषद् को 19 सदस्यों की मृत्यु की सूचना देते हुये दुख है।

5.2 1994-95 के दौरान 135 सदस्यों को प्रैक्टिस प्रमाणपत्र जारी किये गये । 31 मार्च 1995 को प्रैक्टिस प्रमाण-पत्रधारियों की सदस्य संख्या 735 थी।

5.3 सदस्यों की सूची

कंपनी सचिव विनियमावली 1982 के विनियम 161 के साथ पठित कंपनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 19(3) के अनुसरण में 1 अप्रैल, 1995 की स्थिति के अनुसार सदस्यों की पूरी सूची प्रकाशित की गई है, जिसमें कुछ अतिरिक्त सूचना जैसे सदस्यों के निवास के पते, टैलीफोन नंबर, फैक्स नंबर, व्यावसायिक स्थल के पते दिये गये हैं । सदस्यों को यह सूची उनके अनुरोध पर सप्लाई की जायेगी। सदस्यों के बीच बेहतर संप्रेषण तथा परस्पर विचार विमर्श के लिये अतिरिक्त सूचना सूची में शामिल की गई है।

5.4 1994-95 के वर्ष में सदस्यों के विरुद्ध व्यावसायिक या अन्य कदाचार की पांच शिकायतें मिलीं। इनमें से दो शिकायतों का निपटान कर दिया गया है।

6. व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम

इंस्टीट्यूट ने व्यावसायिक विकास की गतिविधियों के रूप में 1994-95 में 6 व्यावसायिक कार्यक्रम किये जिनमें 22वां अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी शामिल है। इनका विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' में दिया गया है।

7. प्रकाशन

7.1 "चार्टर्ड सैक्रेटरी"

इंस्टीट्यूट पिछले 25 वर्षों से मासिक जर्नल का प्रकाशन कर रहा है। इस वर्ष इसकी गुणवत्ता और नवीनतम सूचना प्रदान करने की स्थिति यथावत निरंतर बनाये रखी गई, अतः इसमें सरकार की नवीनतम अधिसूचनायें, कानूनी निर्णय और ज्ञानवर्धक लेख आदि प्रकाशित किये गये । यह जर्नल सदस्यों के बीच संप्रेषण का प्रभावकारी माध्यम है तथा कंपनी से जुड़े व्यावसायिक लोगों में बहुत लोकप्रिय है।

1994-95 में जर्नल के निम्नलिखित विशेषांक प्रकाशित किये गये :—

(क) केन्द्रीय बजट पर अप्रैल 1994 का अंक

(ख) भारतीय प्रवासी/विदेशी निवेश पर नवंबर 1994 का अंक

जर्नल का नाम भी बदल कर "जर्नल आफ कारपोरेट प्रोफेशनल्ज" रखा गया है।

7.2 वार्षिक विवरणी पर हस्ताक्षर करने के लिये मार्गदर्शी नोट

दिसम्बर 1994 में "गाइडेंस नोट आन साइनिंग आफ एनुअल रिटर्न" का संशोधित संस्करण प्रकाशित किया गया था जिसमें हस्ताक्षर करने के तरीके के बारे में विस्तृत मार्गनिर्देश तथा अनेक विषयों पर स्पष्टीकरण शामिल किये गये थे। इंस्टीट्यूट ने सरकार द्वारा निर्धारित वार्षिक विवरण के नये फार्मेट को ध्यान में रख कर इसके संशोधन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

7.3 गाईड टू कंपनी सैक्रेटरी इन प्रैक्टिस

जो सदस्य पहले ही प्रैक्टिस कर रहे हैं या जो प्रैक्टिस करने की योजना बना रहे हैं, ऐसे सभी सदस्यों के प्रयोग के लिये इंस्टीट्यूट ने मार्च 1995 में 'ए गाईड टू कंपनी सैक्रेटरी इन प्रैक्टिस' पुस्तिका का प्रकाशन किया है।

8. विशेषज्ञ परामर्शी ग्रुप

8.1 विशेषज्ञ परामर्शी ग्रुप

भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस के.एन. सिंह की अध्यक्षता में पुनर्गठित विशेषज्ञ परामर्शी ग्रुप सदस्यों को कंपनी विधि और आर्थिक विधियों से संबंधित जटिल समस्याओं पर विशेषज्ञ परामर्शी सेवायें प्रदान करता रहा है । विशेषज्ञ परामर्शी ग्रुप द्वारा दी गयी सम्मतियों का प्रकाशन "चार्टर्ड सेक्रेटरी" के जनवरी 1995 के अंक में किया गया।

8.2 विशेषज्ञों का कोर ग्रुप :

विशेषज्ञ कोर ग्रुप को निगम विधियों, पूंजी बाजार, कारोबार, लेखांकन और वित्त विषयों पर विशिष्टता प्राप्त है; इस वर्ष इसका पुनर्गठन किया गया; इस ग्रुप का कार्य यह है कि वह सरकार, सेबी, स्टॉक एक्सचेंजों, सरकार द्वारा गठित समितियों/अध्ययन ग्रुपों तथा अन्य निकायों को दिये जाने वाले अभ्यावेदनों को अंतिम रूप देने के लिये सदस्यों/विशेषज्ञों से टिप्पणियां प्राप्त करें ।

9. व्यवसाय को प्राप्त मान्यतायें

9.1 इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष को कंपनी अधिनियम, एम आर टी पी अधिनियम और आई सी एस आई, आई सी ए आई तथा आई सी डब्लू ए आई से संबंधित अधिनियमों की समीक्षा के लिये कंपनी कार्य विभाग द्वारा गठित तीन समितियों का सदस्य बने रहने का सौभाग्य प्राप्त रहा; वे सेबी द्वारा प्राइमरी मार्केट संबंधी गठित परामर्शी समिति के भी सदस्य बने रहे । अध्यक्ष महोदय को सेबी द्वारा गठित उस समिति का सदस्य भी नियुक्त किया गया है, जो "आफर डाक्यूमेंट" में आवश्यक जानकारी प्रकट करने संबंधी अपेक्षाओं की समीक्षा के लिये बनी है ।

9.2 निम्नलिखित विश्वविद्यालयों ने पीएच डी पाठ्यक्रम के लिये पंजीकरण कराने के वास्ते इंस्टीट्यूट की कंपनी सचिव अर्हता को मान्यता प्रदान कर दी है ।

(क) काकात्या विश्वविद्यालय, वारंगल, आन्ध्र प्रदेश

(ख) कुवेम्पु विश्वविद्यालय, शिमोगा, जिला कर्नाटक

(ग) उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगांव, महाराष्ट्र

(घ) डा. बाबा साहब आम्बेडकर विश्वविद्यालय, औरंगाबाद, महाराष्ट्र

(ङ) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश

(च) कर्नाटक विश्वविद्यालय धारवाड़, कर्नाटक

10. विद्यार्थी सेवाएं

10.1 पंजीकरण

इंस्टीट्यूट, क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा कंपनी सचिव व्यवसाय के बारे में लोगों तक संदेश पहुंचाने और इस व्यवसाय के बारे में जागरूक करने तथा इस क्षेत्र में बनने जा रहे अवसरों की जानकारी देने के लिये समन्वित और संगठित प्रयास किये गये, जिसके फलस्वरूप नियमित पाठ्यक्रमों और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों दोनों में ही पंजीकरण की स्थिति अत्यंत उत्साहपूर्वक रही । वर्तमान रुझान से पता चलता है कि जो विद्यार्थी इस करियर में प्रवेश करने वाले है, उनमें इस व्यवसाय को अपनाने की रुचि और लोकप्रियता बढ़ती जा रही है ।

10.2 नियमित पाठ्यक्रम

पिछले पांच वर्षों में पंजीकृत विद्यार्थी

	1990–91	1991–92	1992–93	1993–94	1994–95
पंजीकृत विद्यार्थी	12162	13613	13612	16601	25032
पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि	—	11.9%	(—) 0.01%	21.9%	50.8%

1994–95 के दौरान 25032 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया जबकि 1993–94 में 16601 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था जिससे 50.78% वृद्धि का पता चलता है।

31 मार्च 1995 को विद्यार्थियों के चालू पंजीकरण की संख्या 77627 है ।

पिछले पांच वर्षों के दौरान कुल पंजीकृत विद्यार्थियों में वृद्धि

	31 मार्च 91	31 मार्च 92	31 मार्च 93	31 मार्च 94	31 मार्च 95
कुल विद्यार्थी (वर्तमान)	50860	55442	60081	65385	77,627
पिछले वर्ष की तुलना में % वृद्धि	—	9.0%	8.1%	8.5%	18.7%

10.3 फाउंडेशन पाठ्यक्रम

पिछली वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया था कि, 10+2 परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों के लिये फाउंडेशन कार्यक्रम 30 अगस्त, 1993 से शुरू किया गया था । 1994–95 में इस पाठ्यक्रम के लिये 16415 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। 31 मार्च 1995 को फाउंडेशन पाठ्यक्रम के लिये पंजीकृत उन विद्यार्थियों की संख्या 23885 थी।

10.4 शिक्षण

फाउंडेशन पाठ्यक्रम और नियमित पाठ्यक्रम में प्रविष्ट विद्यार्थियों को अनिवार्य डाक शिक्षण प्राप्त करने के लिये उनके नाम दर्ज किये जा रहे हैं और उन्हें आवश्यक अध्ययन सामग्री दी जा रही है । विकेन्द्रीकरण करने के लिये पश्चिम भारत क्षेत्रीय परिषद को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रीय परिषदें इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की सुविधा प्रदान कर रही हैं । दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद इसके अलावा फाइनल पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन करने की सुविधा भी दे रही है ।

10.5 विद्यार्थियों को प्रदत्त सेवायें/सुविधायें

इंस्टीट्यूट का यह प्रयास रहा है कि इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं की तैयारी और विद्यार्थियों को अद्यतन जानकारी देने के लिए नियमित रूप से संप्रेषण रखने के वास्ते विद्यार्थियों को अच्छी से अच्छी सुविधायें दी जाएं; इस बारे में निम्नलिखित गतिविधियां उल्लेखनीय हैं ।

(क) स्टूडेंट कंपनी सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट नियमपूर्वक अपना मासिक बुलेटिन "स्टूडेंट कंपनी सेक्रेटरी" प्रकाशित कर रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य कंपनी सचिवीय पाठ्यक्रम के प्रशासन के संबंध में हुए विधायी सम्मेलनों, अध्ययन और सूचना के बारे में अद्यतन जानकारी देना है । यह बुलेटिन नियमित पाठ्यक्रम के वर्तमान विद्यार्थियों को निःशुल्क भेजा जाता है ।

(ख) कंपनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन

यह द्विमासिक बुलेटिन है जो फाउंडेशन पाठ्यक्रम के सभी वर्तमान विद्यार्थियों को फाउंडेशन पाठ्यक्रम से संबंधित इंस्टी-

ट्यूट की गतिविधियों और उनके अध्ययन क्षेत्र में चल रही नवीनतम घटनाओं की सूचना देने के लिए निःशुल्क भेजा जाता है।

(ग) कंपनी सचिव गाइड – अध्ययन और परीक्षा

ये पुस्तिका सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को निःशुल्क भेजी जाती है ताकि उन्हें इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं की तैयारी के बारे में मार्गनिर्देशन दिया जा सके।

(घ) आई सी एस आई – आई सी डब्ल्यू ए आई के बीच अकादमी सहयोग के आधार पर व्यवस्था।

आई सी डब्ल्यू ए आई द्वारा संशोधित पाठ्यचर्या आरम्भ करने के फलस्वरूप आई सी एस आई और आई सी डब्ल्यू ए आई के बीच 8 दिसंबर 1994 से प्रश्न पत्रों की छूट के बारे में आपस में एक नया द्विपक्षीय समझौता हुआ है। इस बारे में विवरण नियमित रूप से "स्टूडेंट्स बुलेटिन" में प्रकाशित होते है।

10.6 मौखिक शिक्षण

क्षेत्रीय परिषदों, शाखाओं और आई सी एस आई के मौखिक शिक्षण द्वारा विद्यार्थियों के लिए मौखिक शिक्षण कक्षाओं की सुविधा पूरे भारत में 38 केन्द्रों पर दी जा रही है।

फाउंडेशन पाठ्यक्रम के लिए भी मौखिक शिक्षण कक्षायें आयोजित की जा रही हैं।

10.7 पुस्तकालय सुविधायें

1994–95 के दौरान सभी चार क्षेत्रीय कार्यालयों, 36 शाखाओं और आई सी एस आई के सहयोगी मौखिक शिक्षण केन्द्रों ने, जो राउरकेला, गंजम (उड़ीसा) अंबाला, कालीकट, और नासिक, गुड़गांव और विजयवाड़ा में उपग्रह पुस्तकालय योजना के अन्तर्गत काम कर रहे हैं, इंस्टीयूट्ट के पुस्तकालयों को अद्यतन करने के विशेष अनुदान में नवीनतम संस्करणों की पुस्तकें जोड़ी हैं। लगातार यह प्रयास है कि इन पुस्तकालयों को अद्यतन किया जाए और अन्य स्थानों पर भी पुस्तकालय खोले जाएं।

10.8 मार्गनिर्देशी उत्तर और विषयवार प्रश्न पत्र

1994–95 में जून 1994 तथा दिसम्बर 1994 की परीक्षाओं के मार्गदर्शी उत्तर तथा फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के सभी विषयों के विषयवार प्रश्न पत्र प्रकाशित किये गये और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराये गये।

10.9 अध्ययन सामग्री का संशोधन/अद्यतनीकरण

फाउंडेशन इंटरमीडिएट और फाइनल पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री का नियमित रूप से संशोधन/अद्यतन करने का काम जारी है। "स्टूडेंट कंपनी सेक्रेटरी" और "कंपनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन" के जरिये विद्यार्थियों को इन अद्यतन क्षेत्रों की सूचना दी जाती है।

11. परीक्षाएं

11.1 परीक्षाओं का आयोजन

1994–95 के दौरान जून और दिसंबर 1994 में देश भर में क्रमशः 36 और 38 केन्द्रों पर कंपनी सचिवों की फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षायें आयोजित की गईं। एक केन्द्र विदेश (दुबई) में भी था। 1994–95 के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुये विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है :—

	जून 1994	दिसंबर 1994	कुल योग
फाउंडेशन	348	821	1169
इंटरमीडिएट	679	967	1646
फाइनल	395	571	966

परीक्षा केन्द्रों की सूची और परीक्षा परिणाम से संबंधित आंकड़े क्रमशः इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ग" और "घ" में दिये गये हैं।

11.2 परीक्षाओं में हिन्दी माध्यम

हिन्दी को प्रोत्साहन देने के लिये इंस्टीट्यूट अपनी सभी परीक्षाओं के लिये हिन्दी को एक वैकल्पिक माध्यम के रूप में अनुमति दे रहा है।

11.3 पुरस्कार/योग्यता प्रमाण पत्र/छात्रवृत्तियां

विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा प्रयास करने की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिये इंस्टीट्यूट विभिन्न पुरस्कार, योग्यता प्रमाण पत्र/छात्रवृत्तियां प्रदान कर रहा है ? जून और दिसंबर 1994 की परीक्षाओं के लिये अखिल भारतीय प्रेजीडेंट पुरस्कार निम्नलिखित विद्यार्थियों को दिये गये :

पाठ्यक्रम	जून 1994 का सत्र	दिसंबर 1994 का सत्र
इंटरमीडिएट	सुश्री सरोज अग्रवाल	श्री संजय खत्री
फाइनल	श्री प्रकाश रूइया	श्री के एस अग्रवाल

इसके अलावा दिसंबर 1994 के सत्र से फाउंडेशन पाठ्यक्रम के 25वें रैंक, इंटरमीडिएट में 20वें रैंक और फाइनल परीक्षा में 10वें रैंक तक आने वाले विद्यार्थियों को योग्यता प्रमाण पत्र दिये जाते हैं। इसके अलावा फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सबसे ऊपर के 15 स्थानों तक के लिये योग्यता छात्रवृत्तियां दी जाती हैं तथा योग्यता एवं साधन सहायता योजना के अन्तर्गत योग्य अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता मंजूर की जाती है।

12 प्रशिक्षण

12–1 पैनल

प्रशिक्षण देने के लिये पैनल पर दर्ज कंपनियों की संख्या में वृद्धि

	31 मार्च 91	31 मार्च 92	31 मार्च 93	31 मार्च 94	31 मार्च 95
प्रबंध	548	613	728	851	1038
प्रेक्टिकल	957	1035	1146	1248	1418
प्रशिक्षु	101	125	140	170	191

इंस्टीट्यूट का इस बारे में प्रयास जारी है कि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिये और कंपनियां हमारे पैनल पर लाई जा सकें। 1994–95 के दौरान प्रबंध प्रशिक्षण देने के लिये 187 कंपनियां पैनल पर थीं और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिये 170 कंपनियां पैनल पर थी। 31 मार्च 1995 के दिन प्रबंध प्रशिक्षण, व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रशिक्षु प्रशिक्षण के लिये क्रमशः 1038, 1418 और 191 कंपनियां हमारे पैनल पर थीं।

12.2 प्रशिक्षण प्रदान करना।

पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या

	1990–91	1991–92	1992–93	1993–94	1994–95
प्रबंध	129	123	192	193	316
प्रेक्टिकल	664	625	518	611	458
प्रशिक्षु	68	87	96	83	60

1994–95 के दौरान 316 विद्यार्थियों को प्रबंध प्रशिक्षण प्रदान किया गया, 458 विद्यार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 60 थी।

12.3 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

1994–95 के दौरान उपर्युक्त 22 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें 685 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के लिये माड्यूलर/पाठ्यक्रम सामग्री का संशोधन निगम क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों और प्रबंध कार्य में उत्कृष्टता हासिल करने को ध्यान में रखते हुये किये जा रहे हैं।

13. जनसंबंध और संपर्क

13.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान देश भर में कंपनी सचिवों के व्यवसाय के प्रति और अधिक जागरूकता पैदा करने के प्रयास के संबंध में जनसंपर्क मजबूत होता दिखाई पड़ा। इन प्रयासों में मुख्य बल विद्यार्थियों का ध्यान इस व्यवसाय में भविष्य में प्राप्त अवसरों के बारे में विभिन्न चैनलों/माध्यमों के जरिये उनका ध्यान आकर्षित करने पर दिया गया और साथ ही सामान्य रूप से लोगों में इस व्यवसाय की उपयोगिता और कंपनी सचिवों द्वारा निभायी जा रही विभिन्न भूमिकाओं की तरफ जागरूकता पैदा करने पर भी ध्यान दिया गया ताकि कंपनी सचिवों को इन क्षेत्रों में स्वीकार किये जाने में वृद्धि हो सके और उनके अवसरों का दायरा व्यापक बन सके। 1994–95 के दौरान प्रमुख रूप से जनसंबंध और जनसंपर्क संबंधी गतिविधियों का विवरण नीचे प्रस्तुत है :—

(क) फाउंडेशन कार्यक्रम के बारे में सूचना देने के लिये पूरे देश भर में अखबारों में विज्ञापन दिये गये।

(ख) विभिन्न स्कूलों और कालेजों के साथ लगातार संपर्क बनाये रखा गया और विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी वार्तायें और शैक्षिक प्रदर्शनियों का आयोजन करके फाउंडेशन तथा नियमित पाठ्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया।

(ग) इंस्टीट्यूट निम्नलिखित कैरियर मेलों में भाग लिया :

(1) 3–5 जून 1994 को "कैरियररामा" 94

(2) 29–30 अक्तूबर 1994 को एआईईएसईसी, दिल्ली विश्वविद्यालय का कैरियरमेला

(3) 24 से 27 नवंबर 1994 को इंडिया इंटरनेशनल ट्रेनिंग एंड एजुकेशन कैरियर मेला।

(4) 23 दिसंबर 1994 को पानीपत में उद्यमशीलता और कैरियर गाइडेंस कैंप।

(5) 7 और 8 जनवरी 1995 को फरीदाबाद में प्रबंध और कम्प्यूटर प्रदर्शनी

(घ) जुलाई 1994 में दूरदर्शन ने राष्ट्रीय नेटवर्क पर आईसीएसआई की फिल्म "कैरियर एज ए कंपनी सेक्रेटरी" का प्रसारण किया और बाद में भी इसका प्रसारण दोहराया गया।

(ङ) 9 अक्तूबर, 1994 को जीटीवी ने "हम होंगे कामयाब" शीर्षक से हमारे व्यवसाय के बारे में आधे घंटे का एक विशेष कैरियर उन्मुखी कार्यक्रम का प्रसारण किया जिसे उसने 15 दिन के बाद फिर प्रसारित किया।

(च) 27 जुलाई, 1994 को युववाणी कार्यक्रम में आकाशवाणी ने इंस्टीट्यूट के संबंध में हमारे अध्यक्ष के साथ एक इंटरव्यू का प्रसारण किया।

(छ) प्रमुख समाचार पत्रों के युवा और कैरियर कॉलमों में कंपनी सचिवों के व्यवसाय के बारे में विशेष कैरियर लेख नियमित रूप से प्रकाशित किये गये ।

(ज) हमारे अध्यक्ष ने गोवा में होने वाले कंपनी सचिवों के 22वें राष्ट्रीय सम्मेलन से पूर्व नई दिल्ली में प्रेस सम्मेलन को संबोधित किया जिसके बारे में मीडिया में बहुत अच्छी प्रतिक्रिया हुई । सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पूर्व गोवा में हमारे अध्यक्ष ने एक और प्रेस सम्मेलन को संबोधित किया जिसके बारे में गोवा मीडिया में अत्यधिक प्रचार प्रसार हुआ । इस सम्मेलन की कार्यवाही को भी प्रेस और दूरदर्शन ने व्यापक रूप से प्रचारित प्रसारित किया । गोवा के स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों ने भी सम्मेलन के विषय पर विशिष्ट समाचारपत्र परिशिष्ट प्रकाशित किये ।

(झ) अक्तूबर 1994 में यूनीवार्ता और यू.एन.आई. के साथ हमारे सचिव की इंस्टीट्यूट की विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के बारे में दी गई भेंटवार्ता को देश भर के प्रमुख दैनिक समाचारपत्रों ने प्रकाशित किया।

(ट) 1 फरवरी को जैन सेटेलाइट टीवी ने हमारे अध्यक्ष का इंटरव्यू लिया; जैन बिजनेस न्यूज में 20 मिनट की इस रिकार्डिंग का प्रसारण किया गया।

(ठ) 16 और 17 मार्च 1995 को सभी समाचार पत्रों ने केन्द्रीय बजट के बारे में हमारे अध्यक्ष के विचारों को प्रकाशित किया और दूरदर्शन-1 तथा जैन सेटेलाइट टीवी ने इनका प्रसारण भी किया।

(ड) अध्यक्ष महोदय ने मद्रास, हैदराबाद बड़ौदरा और बंगलौर में अनेक प्रेस सम्मेलनों को सम्बोधित किया, जिसे मीडिया ने व्यापक रूप से प्रचारित किया।

(ढ) इंस्टीट्यूट ने अपनी विभिन्न गतिविधियों और विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिक्रियाओं के बारे में नियमित रूप से अनेक प्रेस विज्ञप्तियां जारी कीं जिनका प्रकाशन प्रमुख समाचार पत्रों में हुआ।

13.2 1994-95 के दौरान विभिन्न प्रकार के जनसंबंधों और जनसंपर्क गतिविधियों के कारण सामान्य रूप से इस व्यवसाय के बारे में काफी अधिक जागरूकता बढ़ी है। विद्यार्थियों के पंजीकरण में वृद्धि और विभिन्न संस्थाओं द्वारा इस व्यवसाय को और अधिक स्वीकार किये जाने के प्रति रुझान को देखते हुये हमारी यह धारणा सिद्ध होती है ।

14. लेखे

14.1 अधिशेष

1994-95 के लेखों की समाप्ति में 205.73 लाख रुपये का अधिशेष है । इंस्टीट्यूट के इतिहास में इतना अधिक अधिशेष पहले कभी दिखाई नहीं पड़ा और 1993-94 वर्ष के अधिशेष की तुलना में यह 149% अधिक है । पिछले पांच वर्षों में जो अधिशेष बना है और 1994-95 के आय और व्यय का विवरण नीचे प्रस्तुत है।

पिछले पांच वर्षों में अधिशेष की स्थिति (लाख रुपयों में)

1990-91	1991-92	1992-93	1993-94	1994-95
8.16	1.74	41.20	82.67	205.73

1994-95 के दौरान आय (लाख रुपयों में)

आय का शीर्ष	राशि	आय का शीर्ष	राशि
सदस्यों और विद्यार्थियों से शुल्क	593.93	जर्नल और बुलेटिन	40.40
जर्नल/बुलेटिन के अभिदान/विज्ञापन	19.79	क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं को अनुदान	21.84
प्रकाशनों की बिक्री	47.70	परीक्षायें	27.44
निवेश पर ब्याज	29.60	अन्य	152.48
अन्य	27.54	योग	512.83
योग	718.56		

1994-95 के दौरान व्यय (लाख रुपयों में)

व्यय का शीर्ष	राशि
स्थापना	149.59
डाक शिक्षण	93.77
प्रकाशन और स्टेशनरी	27.31

14.2 रिजर्व

(क) सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष 31 मार्च 1994 को जो सामान्य रिजर्व 431.37 लाख रुपये था वह अब बढ़ कर 31 मार्च 1995 को 647.22 लाख रुपये हो गया है ।

सामान्य रिजर्व में वृद्धि (लाख रुपयों में)

	31 मार्च 91	31 मार्च 92	31 मार्च 93	31 मार्च 94	31 मार्च 95
(क) सामान्य रिजर्व	203.48	230.05	289.18	431.37	647.22
पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि	—	13.1%	25.7%	49.2%	50.0%

(ख) स्थायी परिसंपत्ति रिजर्व

1994-95 में क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं से अंशदान के रूप में प्राप्त 7.62 लाख रुपये और भूमि के अधिग्रहण और भवनों के लिये 2.50 लाख रुपये का प्राप्त सीधे दान का पूंजीकरण कर दिया है ।

(ग) पूंजी रिजर्व

सदस्यों से प्राप्त प्रवेश शुल्क के पूंजी रिजर्व का पूंजीकरण किया गया है । यह राशि 31 मार्च, 1995 को 33.53 लाख रुपये थी, जबकि 31 मार्च, 1994 को यह राशि 30.82 लाख रुपये थी ।

14.3 सांविधिक लेखा परीक्षा

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18(4) के अनुसरण में मैसर्स खन्ना एंड अन्नाधनम, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली को 31 मार्च, 1995 को समाप्त वर्ष के लेखों की लेखापरीक्षा के लिये नियुक्त किया गया। लेखा परीक्षा की रिपोर्ट लेखा विवरण के साथ प्रकाशित की गई है ।

14.4 आन्तरिक लेखा परीक्षा

इंस्टीट्यूट की विकासात्मक गतिविधियों में वृद्धि को देखते हुये मैसर्स ठाकुर, वैद्यनाथ अय्यर एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली को वर्ष 1994 के लिये इंस्टीट्यूट का आन्तरिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया। लेखा परीक्षकों से रिपोर्टें प्राप्त हो गई हैं। इन रिपोर्टों के आधार पर गतिविधियों और प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिये आवश्यक कार्यवाही की गई हैं ।

15. भूमि और भवन

15.1 आईसीएसआई—एन आई आर सी भवन

आईसीएसआई—उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् के भवन को इस वर्ष पूरी तरह से अधिकार में ले लिया है । नये भवन में अध्ययन निदेशालय और फाउंडेशन सेल ने काम करना शुरू कर दिया है । अब उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् का कार्यालय भी इस नई इमारत में काम कर रहा है । आशा है कि उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् का पुस्तकालय 1995-96 के दौरान नये भवन में आ जायेगा ।

15.2 फरीदाबाद शाखा की भूमि

इस शाखा ने फरीदाबाद के सेक्टर 16-ए में हरियाणा नगर विकास प्राधिकरण (हुडा) से 3.66 लाख रुपये में 500 वर्ग गज का एक भू-खंड खरीदा है । हुडा ने फरीदाबाद शाखा को आवंटन पत्र और कब्जे का पत्र दे दिया है परन्तु इस संपत्ति के बारे में कुछ पुराने विवाद के कारण हुडा ने इस भूखंड का कब्जा अभी शाखा को नहीं सौंपा है । इंस्टीट्यूट इस मामले में अनुवर्ती कार्यवाही कर रहा है। यदि इस भूखंड का कब्जा नहीं मिलता है या कोई अन्य वैकल्पिक भूखंड नहीं दिया जाता है तो इंस्टीट्यूट हुडा से ब्याज समेत अपनी राशि वापस करने की मांग करेगा ।

15.3 बडोदरा शाखा

बडोदरा शाखा ने आफ-टेल टावर—II, आरसी दत्त रोड़, बडोदरा की प्रथम मंजिल पर 2221 वर्ग फुट का एक नया कार्यालय स्थल खरीदा है । इसकी लागत 10 लाख रुपये है। कार्यालय ने इस नये भवन का कब्जा ले लिया है और यहां से अपना कामकाज करना शुरू कर दिया है ।

16. शाखाओं को पूंजीगत अनुदान और ऋण

16.1 इंस्टीट्यूट ने अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को 31 मार्च, 1995 तक अपना कार्यालय भवन लेने के लिये जो कुछ अनुदान और ऋण दिया है उसका ब्यौरा इस प्रकार है ।

(क) अनुदान	85.46 लाख रुपये
(ख) ऋण	97.65 लाख रुपये

हालांकि संसाधन सीमित हैं फिर भी इंस्टीट्यूट का प्रयास है कि क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा अपने कामकाज के लिये भवन लेने के प्रयासों में उनको सहायता करें और इस संबंध में राशि दें । कुछ क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने अपने कार्यालय स्थल/भवन परियोजनाओं के लिये संसाधन जुटाने के लिये जबर्दस्त प्रयास किये हैं । परिषद इन क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा किये गये इन प्रयासों की प्रशंसा करती है ।

17. कंपनी सचिव हितकारी निधि

कंपनी सचिव हितकारी निधि के सदस्यों में वृद्धि

सदस्यों की संख्या

31मार्च 91	31 मार्च 92	31 मार्च 93	31 मार्च 94	31 मार्च 95
1097	1165	1309	1472	1750

31 मार्च, 1995 को कंपनी सचिव हितकारी निधि के आजीवन सदस्यों की संख्या 1750 है । पिछले वर्षों में सदस्यों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती गई है । 31 मार्च, 1995 को

हितकारी निधि का पूंजीगत रिजर्व और सामान्य रिजर्व क्रमशः 10.21 लाख रुपये और 6.55 लाख रुपये था । सदस्यों की वृद्धि के साथ आशा है कि आजीवन सदस्यों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में भविष्य में उन्हें अधिक वित्तीय सहायता दी जायेगी ।

18. मानव संसाधन विकास

सदस्यों और विद्यार्थियों की अत्यधिक वृद्धि के कारण उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिये वर्तमान कर्मचारियों को सुचारू रूप से काम करने के लिये विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों और कर्मचारियों के हित के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये । मार्च, 1995 में इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ कार्यों के लिये प्रबंध में "उत्कृष्टता" विषय पर इन-हाऊस प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। आने वाले वर्षों में कर्मचारियों की प्रवीणता को और विकसित करने के दृष्टिकोण से इस बारे में और अधिक बल देने का विचार है ।

19. इंस्टीट्यूट की गतिविधियों का कम्प्यूटरीकरण

इंस्टीट्यूट के सदस्यों और विद्यार्थियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि के कारण तथा सदस्यों और विद्यार्थियों की बेहतर और तेजी से सेवायें प्रदान करने की सामान्य रूप से आशाओं को देखते हुये इंस्टीट्यूट ने अपनी गतिविधियों का इन-हाऊस कम्प्यूटरीकरण करने का निर्णय लिया है । 1995-96 में इस के लिये आवश्यक बुनियादी सुविधायें तैयार करने का इरादा है । आरंभिक उपाय के रूप में इंस्टीट्यूट के निदेशालयों और प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद् और ग्रेड 'ए' और ग्रेड 'ए–1' शाखाओं के कम्प्यूटर और प्रिंटर का प्रावधान किया गया है ताकि इंस्टीट्यूट में कम्प्यूटरीकरण के काम को शुरू किया जा सके ।

20. भावी दृष्टिकोण

कहा जाता है कि भविष्य के सपने भूतकाल के इतिहास से अच्छे होते हैं । किन्तु जहां तक इंस्टीट्यूट और कंपनी सचिवों के व्यवसाय का संबंध है, जहां इसका विगत भविष्य उज्जवल रहा है वहीं भविष्य में और अधिक उज्जवल संभावनायें है । यह भविष्य आज के सदस्यों के हाथों में है । व्यावसायिक सदाचार और नैतिकता के उच्चतम स्तर स्थापित कर, निरंतर अपने व्यावसायिक ज्ञान; अपने दृष्टिकोण में सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रति सदैव प्रयत्नशील रह कर इस व्यवसाय को और भी मजबूत तथा निश्चित आधार दिया जा सकता है । कंपनी विधि तो ऐसा मुख्य आधार रहेगा ही जिसके चारों तरफ व्यवसाय की गतिविधियों का संचालन बना रहेगा, परन्तु ऐसे और भी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र सामने आयेंगे, जहां इससे भी अधिक उज्जवल संभावनायें रहेंगी । अतः कंपनी सचिवों को सुरक्षित कंपनी विधि के खोल से बाहर निकल कर आना चाहिये और निःसंकोच रूप से बौद्धिक सम्पदा, पूंजी बाजार और वित्तीय सेवाओं से संबंद्ध विधियों, उपभोक्ता संरक्षण विधियों, पर्यावरणीय विधियों तथा ऐसी अनेक उभरती आ रही विधियों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आगे बढ़कर चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में प्रवेश करना चाहिये । इस समय सदस्यों को नई चुनौतियों का सामना करने के लिये पूंजी बाजार और वित्तीय क्षेत्र में जो फर्क है उनकी बारीकियों में गहराई तक पहुंचने की आवश्यकता है । इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर इंस्टीट्यूट द्वारा सदस्यों को विशिष्ट ज्ञान देने के लिये पूंजी बाजार और वित्तीय सेवाओं में जो पश्च-सदस्यता डिप्लोमा शुरू किया जा रहा है, वह अत्यधिक सफल सिद्ध होगा । यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि सदस्य अपनी जानकारी को अद्यतन और अधिक से अधिक विशिष्ट बनाये । इसके लिये इंस्टीट्यूट, क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा जो व्यावसायिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं उन से प्रभावकारी ढंग से लाभ उठाना चाहिये । अन्य निगम व्यावसायियों के साथ ठीक निचले स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों क्षेत्रों में इंस्टीट्यूट के शीर्ष स्तर तक आपसी संपर्क से निगम क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ करने में वे बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे और तथा साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ कर पायेंगे ? कंपनी सेक्रेटरी व्यवसाय में सदस्यों का भविष्य अब ऐसे समय में सामने उभर कर आ रहा है जब वे अपने व्यापक उत्तरदायित्व का निर्वाह करने के लिए सक्षम हैं और तैयार हैं तथा वे काफी आसानी और विश्वास के साथ चुनौतियों का सामना कर सकते हैं । इंस्टीट्यूट कंपनी सचिव व्यवसाय के लिये अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्रदान कराने में पूरे हृदय से अपना संगठित प्रयास करेगा ।

21. आभार

परिषद् केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों और विशेष रूप से कंपनी कार्य विभाग और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के प्रति उनके द्वारा इस वर्ष व्यवसाय को मार्गदर्शन प्रदान करने और इंस्टीट्यूट की गतिविधियों के विकास में अपना समर्थन देने के लिये आभार प्रगट करती है । परिषद् विभिन्न राज्य सरकारों वित्तीय/औद्योगिक/निवेशक संस्थानों/सामान्य रूप से निगम क्षेत्र और देश के विभिन्न चैम्बर्स ऑफ कामर्स और ट्रेड एसोसिएशनों तथा अन्य एजेंसियों का भी आभार प्रगट करती है, जिन्होंने इंस्टीट्यूट के सदस्यों की सेवायें लेने में और निगम विधि, वित्त, प्रबंध तथा संबद्ध क्षेत्रों में इनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान की है । परिषद्, क्षेत्रीय परिषद् और इनकी शाखाओं तथा इंस्टीट्यूट के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की अपनी ओर से गहन सराहना करती है, जिन्होंने इस रिपोर्टाधीन वर्ष में बड़ी निष्ठा और कर्तव्य की भावना से काम किया ।

कृते इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरीज आफ इंडिया की
परिषद्,

नई दिल्ली
तारीख : 31 अगस्त, 1995

यू. के. चौधरी, अध्यक्ष

परिशिष्ट (क)

वर्ष 1995 के लिये परिषद् की स्थायी और अस्थायी समितियों की सूची

I. स्थायी समितियां

1. अनुशासन समिति

यू. के. चौधरी	चेयरमैन
विरेन्द्र गांडा	सदस्य
आर. डी. जोशी	सदस्य

2. परीक्षा समिति

के. आर. चन्द्राव्रे (डा.)	चेयरमैन
गिरीश आहूजा	सदस्य
ए. के. मोदी	सदस्य

3 कार्यकारी समिति

यू. के. चौधरी	चेयरमैन
के. आर. चन्द्राव्रे. (डा.)	सदस्य
आर. डी. जोशी	सदस्य
एम. एस. राघवन	सदस्य
अमित के. सेन	सदस्य

II. अस्थाई समितियां

4. व्यावसायिक विकास समिति

यू. के. चौधरी	चेयरमैन
विवेक अग्रवाल	सदस्य
एस. डी. इसरानी (डा.)	सदस्य
एन के. जैन	सदस्य
एस. के. जैन	सदस्य
आर. कृष्णन	सदस्य
डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
एस. रामचन्द्रन	सदस्य

5. प्रशिक्षण तथा शिक्षण सुविधा समिति

के. आर. चन्द्राव्रे (डा.)	चेयरमैन
विवेक अग्रवाल	सदस्य
गिरीश आहूजा	सदस्य
एस. के. जैन	सदस्य
डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
एस. रामचंद्रन	सदस्य

6. विनियमन समिति

यू. के. चौधरी	चेयरमैन
के. आर. चन्द्राव्रे (डा.)	सदस्य
विरेन्द्र गांडा	सदस्य
एस. डी. इसरानी (डा.)	सदस्य
एस. एम. कुमार	सदस्य
एम. एस. राघवन	सदस्य

7. समन्वय समिति (आई सी ए आई तथा आई सी डब्लू ए आई के साथ समन्वय के लिए)

यू. के. चौधरी	सदस्य
के. आर. चन्द्राव्रे (डा.)	सदस्य
एन. के. जैन	सदस्य
आर. कृष्णन	सदस्य
अमित के. सेन	सदस्य

8. संपादकीय सलाहकार बोर्ड

आर. कृष्णन	चेयरमैन
सुनील चोपड़ा	सदस्य
एस. डी. इसरानी (डा.)	सदस्य
पी. टी. एस. कुमार	सदस्य
यू. पी. माथुर	सदस्य
प्रो. आर. एस. निगम	सदस्य
बी. के. पाल	सदस्य
प्रदीप पुरी	सदस्य
वाई. वेनुगोपाल रेड्डी (डा.)	सदस्य
डी. पी. शर्मा	सदस्य
वी. के. सिघानिया (डा.)	सदस्य

9. विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप

जस्टिस के. एन. सिंह	चेयरमैन
आर. एन. बंसल	सदस्य
एम. एस. कुमार	सदस्य
डी. बी. सक्सेना	सदस्य

10. सी सी आर टी समिति

ए. के. मोदी	चेयरमैन
एन. एल. भाटिया	सदस्य
एस. डी. इसरानी (डा.)	सदस्य
एस. के. जैन	सदस्य
पी. पी. मिस्त्री (डा.)	सदस्य
प्रमोद एस. शाह	सदस्य
चेयरमैन, डब्ल्यू आई आर सी	सदस्य
डब्ल्यू आई आर सी के पदाधिकारी	सदस्य
एस. पी. नारंग (डा.)	सदस्य सचिव
पदेन अधिकारी	
अध्यक्ष, आई सी एस आई	
उपाध्यक्ष, आई सी एस आई	

परिशिष्ट (ख)

व्यावसायिक विकास कार्यक्रम सेमिनार और सम्मेलन

(क) नई दिल्ली में 29 अप्रैल, 1994 को 'यूरो-इश्यूज' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार इसमें 352 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

(ख) कलकत्ता में 2 जुलाई, 1994 को 'एसोचेम' के साथ मिलकर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार-विषय : भारत में एफ आई आई और एफ डी आई के कामकाज से संबंधित नीति और प्रक्रियाएं। 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

(ग) गोआ में 11-13 अगस्त 1994 को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की सीमाएं तथा कंपनी सचिव विषय पर कंपनी सचिवों का 22वां राष्ट्रीय सम्मेलन। लगभग 550 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

(घ) नई दिल्ली में 11-12 नवंबर 1994 को एफ आई सी सी आई के साथ मिल कर उभरते पूंजी बाजार और कंपनी पुनर्गठन विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार। 129 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

(ङ) बंगलौर में 22-23 दिसंबर 1994 को सार्वजनिक उद्योगों के विभाग के साथ मिलकर कंपनियों से संबंधित कुछ चुने हुये कानूनी और प्रक्रियात्मक पहलुओं पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम। 39 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

(च) चंडीगढ़ में 24-25 मार्च 1995 को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स के साथ मिल कर कंपनी बिल और विधि विषय पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम। 115 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

(परिशिष्ट-ग)

वर्तमान परीक्षा केन्द्रों की सूची

1. अहमदाबाद
2. इलाहाबाद
3. बंगलौर
4. बड़ौदा
5. भोपाल
6. भुवनेश्वर
7. बंबई-1
8. बंबई-2
9. बंबई-3**
10. कलकत्ता-1
11. कलकत्ता-2
12. चंडीगढ़
13. कोयम्बटूर
14. दिल्ली
15. एर्नाकुलम
16. गाजियाबाद
17. गुवाहाटी
18. हैदराबाद
19. इंदौर
20. जयपुर
21. जम्मू
22. जमशेदपुर
23. जोधपुर
24. कानपुर
25. लखनऊ
26. लुधियाना**
27. मद्रास
28. मदुरई
29. मंगलौर
30. नागपुर
31. पणजी
32. पटना
33. पांडिचेरी
34. पुणे
35. शिमला
36. त्रिचुरापल्ली
37. तिरुअनन्तपुरम
38. विशाखापत्तनम
39. विदेश में केन्द्र : दुबई

* केवल जून सत्र की परीक्षा के लिये

** दिसंबर 1994 सत्र से आगे के लिए प्रायोगिक केन्द्र

परिशिष्ट (घ)

परीक्षाओं में बैठे तथा उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या के आंकड़े

I. जून, 1994 का सत्र

परीक्षा	बैठे	उत्तीर्ण	उत्तीर्ण %
फाउण्डेशन	948	347	36.60
इंटरमीडिएट*			
ग्रुप-1	4447	1129	25.38
ग्रुप-2	5403	1419	26.26
फाइनल**			
ग्रुप-1	1190	477	40.08
ग्रुप-2	1426	587	41.16

*दोनों ग्रुपों में 2914 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से दोनों ग्रुपों में 635 ने परीक्षा पास की (21.79%)

**सभी ग्रुपों में 750 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से सभी ग्रुपों में 132 ने परीक्षा पास की (17.60%)

II. दिसम्बर, 1994 सत्र

परीक्षा	बैठे	उत्तीर्ण	उत्तीर्ण %
फाउण्डेशन	2543	821	32.28
इंटरमीडिएट*			
ग्रुप-1	4908	1182	24.08
ग्रुप-2	5658	1539	27.20
फाइनल**			
ग्रुप-1	1385	572	41.49
ग्रुप-2	1617	740	45.76

*दोनों ग्रुपों में 2611 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से दोनों ग्रुपों में 354 ने परीक्षा पास की (13.55%)

**सभी ग्रुपों में 778 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से सभी ग्रुपों में 162 ने परीक्षा पास की (20.82%)

खन्ना एंड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
706, आकाश दीप, 26-A, बाराखंबा रोड़,
नई दिल्ली-110001
टेलि : 3315110, 331519 ग्राम : ALERT नई दिल्ली

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के 31 मार्च, 1995 के तुलन पत्र तथा इसके साथ संलग्न उसी तारीख को समाप्त वर्ष के आय और व्यय लेखे का परीक्षण भी किया है और हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है :—

(क) हमें वह सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त हो गए, जो हमें अपेक्षित जानकारी और विश्वास के अनुसार, लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिये प्राप्त करने आवश्यक थे।

(ख) रिपोर्ट का संबद्धीकृत तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखे रखी गई लेखा पुस्तकों और रिकार्डों से मेल खाते हैं।

(ग) हमारी राय में और जहां तक हमारी जानकारी है तथा प्रस्तुत किये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार निम्नलिखित के बारे में लेखे सही और पर्याप्त स्पष्ट स्थिति प्रगट करते हैं।

(1) इंस्टीट्यूट के मामले से संबंधित 31 मार्च, 1995 को समाप्त अवधि के तुलनपत्र के बारे में स्थिति; और

(2) उपर्युक्त तारीख को समाप्त वर्ष के आय व व्यय लेखे में अधिशेष से संबंधित स्थिति।

कृते खन्ना एवं अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(के. एन. नाग)
पार्टनर

स्थान : नई दिल्ली
तारीख: 31 अगस्त, 1995

दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया, नई दिल्ली

31 मार्च, 1995 को समाप्त वर्ष का तुलन-पत्र

विवरण	अनुसूची	31 मार्च, 1995			31 मार्च, 1994		
		रु.	रु.	रु.	रु.	रु.	रु.
निधि का स्रोत							
पूंजी रिजर्व	1			3,352,625			3,081,825
स्थायी परिसंपत्तियां रिजर्व	2			--			--
सामान्य रिजर्व	3			61,722,482			43,136,527
वैज्ञानिक अनुसंधान परियोजना रिजर्व	4			1,168,340			--
योग				69,243,447			46,218,352
निधि का प्रयोग							
स्थायी परिसम्पत्तियां : सकल ब्लाक	5	39,920,455			35,894,142		
घटाएं : मूल्यह्रास		9,567,473			7,551,591		
			30,362,982			28,342,551	
जोड़ें : भूमि क्रय			—			3,00,000	
भवन निर्माण के लिए पेशगी			2,819,154			604,774	
				33,182,136			29,247,325
निवेश	6			10,977,138			5,570,025
चालू परिसंपत्तियां, ऋण और पेशगी							
चालू परिसंपत्तियां	7						
निवेश पर जमा ब्याज		1,332,332			2,38,327		
हस्तगत स्टाक		7,954,074			5,629,813		
विविध देनदार		446,346			231,656		
नकदी और बैंक शेष		21,477,024			10,148,341		
			31,209,776			16,248,137	
ऋण और पेशगियां	8		9,916,239			8,424,683	
			41,126,015			24,672,820	
घटाएं : चालू देयतायें और प्रावधान	9						
चालू देयताएं			16,041,842			13,271,818	
